दिनांक : 10.11.2026

समय : 02.10 PM;

प्रधानमंत्री-गोवर्धन पूजा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गोवर्धन पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे तथा सुख, सौभाग्य और समृद्धि बढ़ाए। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति में एक संस्कृत श्लोक भी साझा किया।

भाई दूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भाई दूज के अवसर पर अपनी बड़ी बहन कलावती यादव से स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेश की सभी बहनों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं, मुख्यमंत्री से आज उज्जैन में बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब ने भेंट की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित बोहरा समाज के लोगों को भी दीपावली की बधाई दी।

ठेंगड़ी-जयन्ती

मुख्यमंत्री दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि श्रमिकों और किसानों के अधिकार, सम्मान एवं कल्याण को जीवन का ध्येय बनाने वाले दत्तोपंत ठेंगड़ी का राष्ट्रहित, स्वदेशी विचार और सामाजिक समरसता के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने संगठन निर्माण में ठेंगड़ी के योगदान को भी अतुलनीय बताया।

शिवराज सिह्न चौहान

भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के अभियान से अब बड़ी संख्या में लोग सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की रक्षा के लिए जन अभियान चलाने के संकल्प के साथ 'वृक्ष मित्र परिवार' का गठन किया गया है।

मकान □हने से मौत

सिंगरौली जिले के बरहपान गांव में कल देर रात कच्चा मकान □हने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बैढ़न ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख

रुपये और घायलों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज बारिश के कारण रद्द हो गया। यह मैच न्यूजीलैंड के सेडन पार्क में खेला जाना था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, लेकिन लगातार बारिश के कारण खेल शुरू नहीं हो सका।भारत पांच मैचों की श्रृंखला में दो-शून्य से आगे है। श्रृंखला के शेष दो मैच 13 और 15 नवंबर को टौरंगा में खेले जाएंगे।

मौसम

प्रदेश में सर्दी का असर तेज होने लगा है। अगले चार दिनों में रात के तापमान में एक से दो डिग्री तक और गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर प्रदेश में दो दिन बाद दिखाई दे सकता है। नवंबर के दूसरे सप्ताह से विशेषकर ग्वालियर-चंबल संभाग में ठंड और बढ़ने के आसार हैं।

अब कुछ समाचार सक्षेप में :–

- अशोकनगर के चंदेरी क्षेत्र में आस्था और कठिन साधना का महापर्व मौन परमा व्रत शुरू हुआ। इस पारंपरिक व्रत के तहत गांव के युवाओं ने दिनभर का मौन व्रत रखकर 12 गांवों की परिक्रमा शुरू की।

- आगरमालवा जिले में दीपावली पर्व के बाद जिलेभर के विभिन्न मंदिरों व घरों में अन्नकूट उत्सव के आयोजन शुरू हो गये है जो लगभग एक सप्ताह तक चलेगें।